दिनांक–03.10.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- राज्य में शुरू हुआ शक्ति अभिनंदन अभियान, महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन पर होंगे विशेष कार्यक्रम।
- देवी दुर्गा की पूजा का 9 दिवसीय पर्व–नवरात्रि आज से, मैहर में किये गए खास इंतजाम।
- प्रदेश से मानसून की विदाई शुरू, बस पूर्वी इलाके में बूंदा बांदी के आसार।
- आज से शारजाह में आरंभ होगा आईसीसी नौवां महिला ट्वेन्टी–ट्वेन्टी विश्व कप।

शक्ति अभिनंदन अभियान

राज्य शासन द्वारा महिला नेतृत्व आधारित विकास, महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केन्द्रित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का निरंतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कड़ी में महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के प्रति जन–जागरूकता लाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण प्रदेश में कल से 11 अक्टूबर तक "शक्ति अभिनंदन अभियान'' आयोजित किया जा रहा है। शक्ति अभिनंदन अभियान के तहत विद्यालयों में महिला सुरक्षा पर पेंटिंग प्रतियोगिता, महिलाओं से संबंधित एक्ट/अधिनियम एवं नवीन कानूनों पर चर्चा, महिला सुरक्षा जागरूकता रैली, बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर सेफ्टी वॉक, सकारात्मक पुरुष भागीदारी पर चर्चा तथा सायबर सिक्योरिटी प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

नवरात्रि

देवी दुर्गा की पूजा का 9 दिवसीय त्योहार–नवरात्रि आज से धार्मिक उत्साह के साथ शुरू हो गया है। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। पहले दिन देवी दुर्गा के शैलपुत्री रूप की पूजा की जा रही है। प्रदेश में मैहर जिले की मां शारदा नगरी मैहर में आज से नवरात्रि मेला प्रारंभ हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं सहित सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

वीसी–संवाददाता, सतना

कटनी रेलवे जंक्शन पर मैहर जाने वालों की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किये गए हैं। आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित माँ बगलामुखी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। इंदौर के अन्नपूर्णा माता मंदिर में रोशनी से विशेष सजावट की गई है। मंदिर में शतचंडी महायज्ञ भी होगा। शिवपुरी के राजराजेश्वरी माता मंदिर, कैला माता मंदिर, काली माता मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। खंडवा में आज दो दर्जन से ज्यादा सार्वजनिक मंडपों में मां दुर्गा की विशाल प्रतिमाएं विराजित की जाएंगी।

पीएम–ई–नीलामी तिथि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों की होने वाली ई–नीलामी की तारीख 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। छठी बार होने वाली यह नीलामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक निर्धारित थी। सरकार ने लोगों से ई–नीलामी में भाग लेने का आग्रह किया है क्योंकि इससे प्राप्त होने वाली धनराशि नमामि गंगे फंड में दिया जाएगा। नीलामी के लिए लगभग छह सौ स्मृति चिन्ह प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें विशिष्ट कलाकृतियाँ, मंदिर और हिंदू देवी–देवतों के मॉडल तथा पैरालंपियनों के जूते शामिल हैं।

खादी वेतन वृद्धि

सूक्ष्म, लघु तथा मध्यय उद्यम मंत्रालय ने सूत कातने वालों के वेतन में 25 प्रतिशत और करघा चलाने वालों के वेतन में 7 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। सूत कातने वालों को पहले प्रति लच्छे दस रुपये मिलते थे जिसे बढाकर 12 रुपये 50 पैसे कर दिया गया है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान वेतन में लगभग 213 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने 30 नवम्बर तक खादी उत्पादों पर 20 प्रतिशत और ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10 प्रतिशत छूट की भी घोषणा की। खादी क्षेत्र का व्यवसाय पिछले वित्त वर्ष में एक लाख 55 हजार करोड रुपये के आंकड़े को पार कर गया है।

जनजातीय विद्यार्थियों के लिए विशेष अभियान

जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के हित में आज से एक विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। प्रदेश के 89 जनजातीय विकासखंडों में विद्यार्थियों के आय, जाति प्रमाण–पत्र, बायोमेट्रिक ई–केवाईसी बनवाने, इन्हें समग्र पोर्टल पर अद्यतन करने के लिए जिला कलेक्टर के नेतृत्व मे जनजातीय विकासखंडों के संकुल स्तर पर यह विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में संकुल स्तर पर एमपी ऑनलाइन की ओर से एक कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहेगा। यह आपरेटर विद्यार्थियों के सभी जरूरी प्रमाण–पत्रों को अपडेट करने या नया प्रमाण–पत्र बनाने के लिये जरूरी प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के आय एवं जाति प्रमाण–पत्र बनाने के लिए आवश्यक शुल्क जनजातीय कार्य विभाग की ओर से वहन किया जा रहा है।

मुरैना–सहायक उपकरण वितरण

मुरैना में केन्द्र सरकार की एडिप योजना अन्तर्गत जिले के 374 दिव्यांगजनों को एक करोड 29 लाख रुपये के उपकरण निःशुल्क वितरित किये गये। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि इससे दिव्यांग जनों को आवागमन की सुविधा के साथ–साथ रोजगार में भी वृद्धि होगी।

पंचायत स्वच्छता अभियान

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में कल विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन हुआ और पंचायतों में स्वच्छता के लिए श्रमदान की गतिविधियों के साथ "स्वच्छता ही सेवा अभियान" का समापन हुआ। इसके अतिरिक्त ओडीएफ़ प्लस बनाये गये 500 से अधिक ग्रामों को ग्राम सभा में ओडीएफ़ प्लस मॉडल घोषित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों कई ऐसे स्थान जो हमेशा गंदे रहने के कारण गंदगी का पर्याय बन गये थे। गंदगी के ऐसे ब्लैक स्पॉट्स को स्वच्छता लक्षित इकाइयाँ के रूप में चिन्हित किया गया। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 18 लाख 50 हज़ार से अधिक स्वयं सेवियों ने इस कार्य में शामिल होकर अभियान समाप्ति तक 24 हजार 500 से अधिक ऐसे ब्लॉक स्पॉट्स को स्वच्छ साईट में परिवर्तित किया।

मौसम

प्रदेश से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी और श्योपुर से मानसून की वापसी हो गयी है। आज उज्जैन संभाग के कुछ जिलों से मानसून विदा हो सकता है। सबसे आखिरी में जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग से विदाई होगी। दरअसल कल 4 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब क्षेत्र सक्रिय हो रहा है। इस वजह से राज्य के पूर्वी हिस्से से विदाई देरी से होगी। मध्यप्रदेश में 21 जून को जबलपुर संभाग के रास्ते मानसून ने प्रवेश किया था।

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप

आईसीसी नौवां महिला ट्वेन्टी–ट्वेन्टी विश्व कप आज से संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में आरंभ होगा। शुरुआती मुकाबला बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के बीच होगा। भारत अपना पहला मैच शुक्रवार को न्यूजीलैंड के विरूद्ध खेलेगा। इस महीने की 20 तारीख तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल दस टीमें भाग ले रही हैं। भारतीय महिला टीम ने अभी तक कोई आईसीसी प्रतियोगिता नहीं जीती है। हालाँकि भारतीय महिला टीम ने अभ्यास मैचों में दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को हराकर लगातार अच्छी शुरुआत की है।

समाचार संक्षेप में .....

- वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत ने विजयपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 9 करोड़ 60 लाख 89 हजार रुपये लागत से बनने वाली 4 सड़कों का भूमि–पूजन किया।
- उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज सिविल लाइन रीवा में नव–निर्मित अटल पार्क का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण समारोह में सुप्रसिद्ध गायक श्री कैलाश खेर एवं उनके साथी कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में करेली में जिला स्तरीय स्व–सहायता समूहों के बैंक लिंकेज कार्यक्रम का कल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 847 स्व–सहायता समूहों को 30 करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया गया।
- केंद्र सरकार के गैर–बासमती चावल के निर्यात पर से प्रतिबंध हटाने के निर्णय से प्रदेश के चावल उत्पादक किसानों को भी लाभ होगा। पिछले 10 सालों में 12 हजार 706 करोड़ रूपये का चावल निर्यात किया गया है।
- खण्डवा में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने ग्राम उण्डेल में आयोजित जिला स्तरीय सद्‌भावना शिविर में बताया कि ग्राम सेल्दामाल में डेढ़ करोड़ रूपये की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जायेगा।
- इंदौर में महिला बाल विकास विभाग ने कार्रवाई करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायत पर भिक्षावृत्ति करने के लिए एक होटल में रुके 11 महिलाएं एवं 11 नाबालिग बच्चों को वापस राजस्थान भेजने की व्यवस्था की।
- कटनी जिले के आकांक्षी विकासखंड रीठी में संचालित संपूर्णता अभियान का समापन समारोह कल मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीठी  सी एल पनिका  की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।
- बैतूल नगर पालिका ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता की पाठशाला महाअभियान में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सम्मान प्राप्त किया है।